# झारखण्ड सरकार
## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

पत्रांकः 106(II) दिनांकः 09/06/2026

प्रेषक,

अजय कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव

सेवा में,

निदेशक,
रिम्स, राँची।

विषयः केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत् UG, PG एवं Super speciality की सीटों में वृद्धि का प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारत सरकार द्वारा केन्द प्रायोजित योजना संचालित की जा रही है जिसके तहत् प्रत्येक सीट की बढ़ोतरी पर UG, PG एवं Super speciality की सीटों में वृद्धि करने हेतु 1.5 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की जानी है। जिसमें 60 प्रतिशत केन्द्र सरकार एवं 40 प्रतिशत राज्य सरकार का हिस्सा। हाल में इस योजना के तहत् महात्मा गांधी मेमोरियल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, जमशेदपुर में UG कोर्स में 150 सीट से बढ़ाकर 250 सीट, PG कोर्स में 49 सीट से बढ़ाकर 200 सीटें करने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था, तथा शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद में UG कोर्स में 100 सीट से बढ़ाकर 250 सीट एवं PG कोर्स में 19 सीट से बढ़ाकर 200 सीटें करने का प्रस्ताव भेजा गया था उक्त दोनों ही योजनायों पर भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में रिम्स, रांची के UG कोर्स में 180 सीट से बढ़ाकर 250 सीट, PG कोर्स में 176 सीट से बढ़ाकर 275 सीट तथा Super Speciality में 11 सीट से बढ़ाकर 100 सीट करने का प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिसपर शासी परिषद् का अनुमोदन प्राप्त कर प्रस्ताव राज्य सरकार/विभाग को भेजा जाए, ताकि राज्य सरकार के द्वारा इसकी समीक्षा कर भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जा सके। उक्त परियोजना में पूराने भवनों का जिर्णोद्धार, जिन भवनों का जिर्णोद्धार सम्भव नहीं है, उसको Demolish कर नऐ भवनों का निर्माण तथा आवश्यकता अनुसार नऐ भवनों के निर्माण का प्रस्ताव शामिल किया जा सकता है।

2. प्रस्तावित रिम्स–2 के निर्माण हेतु परियोजना तैयार करने के क्रम में सरकार द्वारा यह सैद्धांतिक रूप से निर्णय लिया गया है कि छात्रावास का निर्माण सरकार द्वारा न कर इसे PPP Mode पर निर्मित किया जाए तथा जिसके लिए VGF Fund के तहत् भारत सरकार से अनुदान भी प्राप्त किया जाए, जिससे छात्रावास के निर्माण के क्रम में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि की बचत होगी, दूसरी ओर छात्रावास के रख रखाव और उसमें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य निजी भागीदारी द्वारा किया जा सके।

उसी प्रकार से रिम्स, रांची में पूर्व से निर्मित छात्रावास का उन्नयन एवं रख रखाव आदि कार्य तथा नए छात्रावास की आवश्यकता का आकलन करते हुए उनका निर्माण PPP Mode पर करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर शासी परिषद् की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु एजेण्डा में शामिल कर इसपर विचार किया जाए।

विश्वासभाजन

अपर मुख्य सचिव।

9/6/